उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक – 28.08.2023**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस कार्यालय, महोबा में जनसुनवाई कर जनसामान्य की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा सम्बन्धित को समस्या निस्तारण हेतु जरिये दुरभाष दिये आवश्यक निर्देश-

जनपद महोबा में पीड़ित/शिकायतकर्ता की समस्याओं के समुचित एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु श्रीमती अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक, जनपद महोबा द्वारा पुलिस कार्यालय, महोबा में प्रतिदिन जनसुनवाई की जा रही है, जनता की समस्याओं के समाधान के क्रम में आज दिनांक 28.08.2023 को पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा फरियादियों/जनसामान्य की समस्याओं एवं समस्याओं को एक-एक करके गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा जनता की समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए सम्बन्धित को मौके पर जरिये दूरभाष आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्बन्धित को आदेशित किया गया कि मौके पर जाकर शिकायतों की तत्काल, निष्पक्ष व न्यायोचित जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करें, लापरवाही की सूचना पर सम्बन्धित के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की चेतावती प्रदान की गयी साथ ही शिकायतकर्ता से समय-समय पर जनसामान्य की समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में फीडबैक लिये जाने सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।











उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 28.08.2023

मीडिया सेल, महोबा

## थाना कुलपहाड़ की पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगा जुआ खेल रहे 07 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार ।

श्रीमती अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक, जनपद महोबा के निर्देशन में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत जनपद में शान्ति एवं कानून व्यवस्था को अक्षुण्य बनाये रखने हेतु अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में दिनांक 28.08.2023 को श्री सत्यम, अपर पुलिस अधीक्षक व सुश्री हर्षिता गंगवार, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़, जनपद महोबा के निकट पर्यवेक्षण मे थाना कुलपहाड प्रभारी निरीक्षक श्री लाखन सिंह द्वारा गठित टीम के उ.नि. मनोज कुमार तिवारी के द्वारा सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगाते हुये 07 नफर अभियुक्तगण 1. अर्जुन यादव पुत्र राजेन्द्र यादव उम्र 32 वर्ष 2. हरीश प्रजापति पुत्र अशोक उम्र 26 वर्ष 3. रामसेवक प्रजापति पुत्र प्यारेलाल उम्र 32 वर्ष 4. बृजेन्द्र यादव पुत्र शान सिंह उम्र 27 वर्ष 5. मूल चन्द्र कोरी पुत्र हरप्रसाद उम्र 38 वर्ष 6. राकेश प्रजापति पुत्र ठाकुर दास उम्र 32 वर्ष 7. महेश कुशवाहा पुत्र मथुराप्रसाद उम्र 36 वर्ष को मय मालफड़ 6.600/- रूपये, 52 अदद ताश के पत्ते व जामा तालाशी 9,20/- रुपये के साथ हिरासत पुलिस में लिया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगण उपरोक्त के विरूद्ध थाना हाजा पर मु0अ0सं0 254/2023 धारा 13 जुआ अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1.उ .नि. मनोज कुमार तिवारी
2. कां0 हरेन्द्र यादव 3.कां0 जयवीर सिंह
4.कां0 मनोज कुमार 5.कां0 इन्द्रपाल चौहान

### गिरफ्तार अभियुक्तगण-

1. अर्जुन यादव पुत्र राजेन्द्र यादव उम्र 32 वर्ष 2. हरीश प्रजापति पुत्र अशोक उम्र 26 वर्ष
3. रामसेवक प्रजापति पुत्र प्यारेलाल उम्र 32 वर्ष 4. बृजेन्द्र यादव पुत्र शान सिंह उम्र 27 वर्ष
5. मूल चन्द्र कोरी पुत्र हरप्रसाद उम्र 38 वर्ष 6. राकेश प्रजापति पुत्र ठाकुर दास उम्र 32 वर्ष
7. महेश कुशवाहा पुत्र मथुराप्रसाद उम्र 36 वर्ष

### बरामदगी-

कुल 7,520/- रुपये व 52 अदद ताश के पत्ते बरामद



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं
प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 28.08.2023
# महोबा पुलिस
मीडिया सेल, महोबा

## थाना श्रीनगर की पुलिस टीम ने वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार ।

श्रीमती अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक, जनपद महोबा के निर्देशन में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत जनपद में शान्ति एवं कानून व्यवस्था को अक्षुण्य बनाये रखने हेतु अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 28.08.2023 को श्री सत्यम, अपर पुलिस अधीक्षक व श्री उमेश चन्द्र, क्षेत्राधिकारी चरखारी, जनपद महोबा के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष श्रीनगर श्री प्रवीण कुमार सिंह द्वारा गठित टीम के उ0नि0 राजेश कुमार द्वारा 01 नफर वारण्टी अभियुक्त चन्द्रपाल पुत्र लालदीवान यादव उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम बरा थाना श्रीनगर जनपद महोबा को सम्बन्धित केश नं0 मु.नं. 762/20 अ.सं. 36/20 धारा 13 जुआ अधिनियम में सम्बन्धित न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम जनपद महोबा द्वारा निर्गत वारण्ट के आधार पर ग्राम बरा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद गिरफ्तारी आवश्यक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त उपरोक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश करने हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-
1.उ0नि0 राजेश कुमार
2. का0 विकास सरोज

### गिरफ्तार अभियुक्त-
चन्द्रपाल पुत्र लालदीवान यादव उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम बरा थाना श्रीनगर जनपद महोबा



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक – 28.08.2023**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## मिशन शक्ति के तहत जनपद पुलिस द्वारा चलाया जा रहा है महिला सशक्तिकरण हेतु जागरुकता अभियानः-

उ0प्र0 पुलिस एवं शासन द्वारा बालिकाओं/महिलाओं की सुरक्षा व विभिन्न कल्याणकारी व सुरक्षा योजनाओं के लिए चलाये जा रहे मिशनशक्ति जागरूकता अभियान के क्रम में श्रीमती अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक, जनपद महोबा के निर्देशन में आज दिनांक 28.08.2023 को महिलाओं / बालिकाओं की सुरक्षा हेतु मिशन शक्ति/महिला सशक्तिकरण अभियान के तहत जनपद के विभिन्न थानों पर गठित महिला सुरक्षा दल व थाने पर नियुक्त महिला बीट पुलिसकर्मियों द्वारा थाना क्षेत्र के बीट,गांव,स्कूल,कॉलेज,पंचायत भवन, प्रमुख चौराहों, बाजारों, बस स्टैण्ड आदि स्थानों पर बालिकाओं/महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा, सम्मान एवं साइबर अपराध सम्बन्धित जारी विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में जागरूक किया। गया।

मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत बालिकाओं तथा महिलाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन अभियान के बारे में जागरूक किया गया तथा बालिकाओं एवं महिलाओं को उनके प्रति होने वाले किसी भी अपराध एवं संबंधित अपराधियों के बारे में तत्काल पुलिस एवं शक्ति मित्र महिला पुलिसकर्मियों को सूचना देने के लिए जागरूक किया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं को हेल्पलाइन नंबरों जैसे- (1)1076-मा0 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, (2) 1090- वीमन पावर हेल्पलाइन, (3) 1930- साइबर अपराध हेल्पलाइन, (4) 102- स्वास्थ सेवा, (5)108-एंबुलेंस सेवा, (6) 1098-चाइल्ड हेल्प लाइन तथा 1078, 181, 112 आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया तथा सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर मौजूद ऐप फेसबुक/ ट्वीटर/ इंस्टाग्राम आदि का सावधानी पूर्वक इस्तेमाल करने एवं महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया।










उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक – 28.08.2023**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## थाना कबरई की पुलिस टीम ने अवैध तमंचा/कारतूस के साथ 02 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार ।

श्रीमती अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक, जनपद महोबा के निर्देशन में जनपद में शान्ति एवं कानून व्यवस्था को अक्षुण्य बनाये रखने हेतु अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 28.08.2023 को श्री सत्यम, अपर पुलिस अधीक्षक व श्री रामप्रवेश राय, क्षेत्राधिकारी नगर, जनपद महोबा के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी थाना कबरई श्री बीरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा गठित टीम के उ0नि0 रामकिशन यादव द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर 02 नफर 1. कौशलेन्द्र सिंह पुत्र मोहन सिंह उम्र 23 वर्ष व 2.लकी कुमार पुत्र पप्पू प्रजापति उम्र 23 वर्ष को लौड़ा पहाड़ मु0 विशाल नगर से गिरफ्तार किया गया, अभियुक्तगण क्रमशः 1. कौशलेन्द्र सिंह उपरोक्त के कब्जे से 01 अदद देशी तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज व 2.लकी कुमार उपरोक्त के कब्जे से 01 अदद तमंचा 12 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर नाजायज बरामद हुआ । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्तों के विरुद्ध थाना स्थानीय पर क्रमशः मु0अ0सं0 224/2023 व 225/2023 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया, बाद गिरफ्तारी अभियुक्तगण उपरोक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश करने हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 राम किशन यादव 2. कां0 अवनेश कुमार
3. कां0 शैलेन्द्र त्रिपाठी 4.कां0 मोहित सिंह

### गिरफ्तार अभियुक्त-

1.कौशलेन्द्र सिंह पुत्र श्री मोहन सिंह उम्र 23 वर्ष व 2. लकी कुमार पुत्र पप्पू प्रजापति उम्र 23 वर्ष निवासीगण मु0 जवाहर नगर कस्बा व थाना कबरई जनपद महोबा

### बरामदगी-

1.कौशलेन्द्र सिंह उपरोक्त के कब्जे से 01 अदद देशी तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज व 2.लकी कुमार उपरोक्त के कब्जे से एक अदद तमंचा 12 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर नाजायज बरामद होना।



**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक – 28.08.2023**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

**आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत जनपद में कानून एवं शाति व्यवस्था बनाये रखने हेतु जनपदीय पुलिस बल द्वारा पैदल गश्त कर संदिग्ध व्यक्ति-वस्तु व वाहनों की, की गयी सघन चेकिंग,पैदल गस्त के दौरान आमजन व व्यापारियों से संवाद कर सुरक्षा का दिलाया गया भरोसा।**

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर आगामी त्यौहार रक्षाबंधन के दृष्टिगत जनपद में सुरक्षा/शान्ति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु आज दिनांक 28.08.2023 को जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष/ चौकी प्रभारी द्वारा मय पुलिस बल के साथ सतर्क दृष्टि बनाए रखते हुए सायं कालीन फ्लैग मार्च/पैदल गश्त की जा रही है ।

पैदल गश्त के दौरान जनपदीय पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा अपने थाना क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों/ कस्बों/ बस अड्डा/ सार्वजनिक स्थानों/ प्रमुख चौराहों/ प्रमुख बाजारों/ मन्दिर/ शापिंग मॉल/ प्रमुख मार्गो व भीड़-भाड़ वाले स्थानों आदि पर संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की गहनता से चेकिंग कर आवश्यक हिदायत दी गयी । जनपद महोबा पुलिस शाति, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कटिबद्ध है। यातायात नियमों के उल्लंघन में 264 वाहनों के ई-चालान किये गये।











